* A G - 2 1 0 1 8 *

**AG-21018** Seat No. ________

# Third Year B. A. (Non CBCS) Examination
## February – 2016
## Hindi : Paper - XI

*(Essay)*

*(New Course)*

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

सूचना : (1) प्रश्न–प्रथम और दूसरे विवरणात्मक प्रश्न के अंक 15 हैं ।
(2) प्रश्न–3 ससन्दर्भ व्याख्या के 30 अंक हैं ।
(3) प्रश्न–4 लघूत्तरी प्रश्न – चार या पाँच वाक्यों में, प्रश्न के 20 अंक (प्रत्येक प्रश्न – 4 अंक का)
(4) प्रश्न–5 अतिलघूत्तरी और रिक्तस्थानों की पूर्ति के 20 अंक (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का)

**1** ''अशोक के फूल'' निबंध में संस्कृति, साहित्य, इतिहास और जीवन–दर्शन का सुंदर समन्वय हुआ है । सिद्ध कीजिए । **15**

**अथवा**

**1** सिद्ध कीजिए कि ''मैं धोबी हुँ ।'' एक श्रेष्ठ निबंध है । **15**

**2** ''वसंत आ गया है'' निबंध की समीक्षा कीजिए । **15**

**अथवा**

**2** ''ठकुरी बाबा'' रेखाचित्र के आधार पर ठकुरी बाबा का चरित्रांकन कीजिए । **15**

**3** ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं तीन) **30**

(1) ''मनुष्य को संसार से बाँधने वाला विधाता माँ ही है, इसी से उसे न मानकर संसार को न मानना सहज है, पर संसार को मानकर उसे न मानना असम्भव ही रहता है ।''

(2) ''भारतीय साहित्य में और इसलिए जीवन में भी इस पुष्प का प्रवेश और निर्गम दोनों ही विचित्र नाटकीय व्यापार है । ऐसा तो कोई नहीं कह सकेगा कि कालीदास के पूर्व भारतवर्ष में इस पुष्प का कोई नाम ही नहीं जानता था । परन्तु कालिदास के काव्यों में जिस शोभा और सौकुमार्य का भार लेकर प्रवेश करता है, वह पहले कहाँ था !''

(3) ''मुझे बुखार आ रहा है । यह भी नियति का मजाक ही है । सारी दुनिया में हल्ला हो गया कि वसंत आ रहा है, और मेरे पास आया बुखार । अपने काँचनार कीर ओर देखता हूँ, मेरी वजह से तो यह नहीं रूका है ?''

(4) ''जीवन के दूसरे परिच्छेद में भी सुख की अपेक्षा दुःख ही अधिक है । जब उसने गेंहुएँ रंग और बटिया जैसे मुख वाली पहली कन्या के दो संस्करण और कर डाले तब सांस और जिठानियों ने ओठ बिचकाकर उपेक्षा प्रकट की ।''

**4** किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में दीजिए । **20**

(1) ''वसंत आ गया है'' निबंध में कौन–कौन से वृक्षों का परिचय मिलता है ?

(2) कालिदास ने अशोक के फूल का वर्णन कैसे किया है ?

(3) महान साहित्य की आवश्यकता क्यों है ?

(4) कैक्टस और आधुनिक साहित्य में क्या साम्य है ?

(5) भक्तिन ने पिता के चिर बिछोह की मर्मव्यथा कैसे व्यक्त की ?

(6) लेखिका ने चीन की मिट्टी का वर्णन कैसे किया है ?

(7) 'ठकुरी बाबा' को निर्धन सुदामा क्यों कहा गया ?

(8) 'कल्पवास' का क्या महत्व था ?

**5** (अ) एक एक वाक्य में उत्तर दीजिए । **10**

(1) भारतवर्ष को 'महामानवसमुद्र' किस ने कहा है ?

(2) बारह महिने किसका वसंत ही वसंत है ?

(3) कवियों की दुनिया में किस घास की कभी चर्चा नहीं हुई है ?

(4) लेखक बुखार को किसका मजाक मानते है ?

(5) महादेवी वर्मा को बचपन में लोग क्या कहकर चिढ़ाते थे ?

(6) भक्तिन पढ़ना–लिखना क्यों नहीं चाहती थी ?

(7) ठकुरी बाबा मृत्यु के बाद क्या चाहते थे ?

(8) भक्तिन का मूल नाम क्या था ?

(9) चीनी फेरीवाला लेखिका को क्या मानता था ?

(10) ठकुरीबाबा की बेटी का नाम क्या था ?

(ब) योग्य विकल्प चूनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **10**

(1) हिन्दीभवन के आँगन में ________ बहुत है ।

(घास, फूल, वृक्ष)

(2) थोडी दूर पर ________ फूला है ।

(पलाश, गुलाब, मोगरा)

(3) लेखक बुखार को ________ का मजाक समझते है ।

(प्रकृति का, मौसम का, नियति का)

(4) असल में 'मार' ________ का ही नामांतर है ।

(मदन, जदन, रतन)

(5) अशोक का राष्ट्रीय अर्थ ________ होता है ।

(शोकमग्न, शोकहीन, शोकातूर)

(6) 'विष्णुकांता' को ________ भी कहते हैं ।

(वृक्ष, पौधा, घास)

(7) ठकुरीबाबा ________ थे ।

(भक्तकवि, लेखक, कथाकार)

(8) भक्तिन ________ से बहुत डरती थी ।

(साँप, बिच्छु, कारावास)

(9) चीनी फेरीवाला की ________ ईच्छाएँ थी ।

(तीन, दो, पाँच)

(10) मनुष्य को संसार में बाँधने वाला भाग्यविधाता ________ है ।

(शिव, लक्ष्मी, माँ)